भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

10.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2821 का उत्तर

एलीवेटेड रेल ट्रैक

2821. श्री नायब सिंह सैनीः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) **क्या सरकार का कुरूक्षेत्र के थानेसर शहर में एक एलीवेटेड रेल-ट्रैक के निर्माण का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

(ख) **क्या सरकार पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुरूक्षेत्र से पिहोवा, पिहोवा से गुहाला चीका और गुहाला चीका से पटियाला (पंजाब) तक एक नया रेल-ट्रैक निर्मित करने की किसी योजना पर भी विचार कर रही है;**

(ग) **यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**

(घ) **यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?**

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क): नरवाणा कुरुक्षेत्र खंड में समपार सं. 65 कुरुक्षेत्र में एक ऊपरी सड़क पुल (आरओबी) वर्ष 2016-17 में स्वीकृत किया गया था, लेकिन हरियाणा सरकार ने इस कार्य को स्थगित कर दिया था, क्योंकि हरियाणा सरकार आरओबी के स्थान पर एलीवेटेड रेलपथ के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम (एचआरआईडीसी) द्वारा कुरुक्षेत्र-नरवाणा खंड पर एलीवेटेड रेलपथ की व्यवहार्यता की जांच की जा रही है।

Sk

(ख) एवं (ग): कुरुक्षेत्र के रास्ते यमुना नगर से पटियाला (141.8 किमी) तक नई लाइन के लिए 1176 करोड़ रु. की लागत पर (-) 9.83% की प्रतिफल की दर के साथ वर्ष 2012-13 में सर्वेक्षण किया गया था। इसलिए, इसे शुरू करना व्यावहारिक नहीं पाया गया था।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

*****

Sk